>

Title: Need to construct two National highways to connect Gariaban and Dhandari districts with Balangir and Naupada districts as well as Bhawani patna-Kalahandi districts in Odisha.

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): माननीय सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरा संसदीय क्षेत्र छत्तीसगढ़ बॉर्डर से लगा हुआ है और रोटी-बेटी का लेना-देना है । आप जानते हैं कि छत्तीसगढ़ आने-जाने के लिए राजमार्ग अत्यंत जरूरी है । बालांगिर जिला एक आकांक्षी जिला है । नौपाड़ा जिला मेरे चुनाव क्षेत्र में आता है, यह भी आकांक्षी जिला है । इन दोनों जिलों को गरियाबन जिले और धमदरी जिले से को जोड़ने के लिए एक नया राजमार्ग अत्यंत आवश्यक है ।

अत: मेरा राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि इस रास्ते को राजमार्ग के रूप में रूपांतरित किया जाए । इसके साथ-साथ जूनागढ़ से लेकर डेयपुर होते हुए रायपुर आने के लिए रास्ता तो है, लेकिन वह राजमार्ग में परिवर्तित नहीं हुआ है । इसीलिए, भवानीपटना-कालाहाण्डी जिला, जो आकांक्षी जिला है और पड़ोसी जिला भी छत्तीसगढ़ का आकांक्षी जिला है, इसे भी राजमार्ग में रूपांतरित किया जाए और मेरे अंचलवासियों को आवागमन की सुविधा प्रदान की जाए । धन्यवाद ।